पूर्वोत्तर सीमा रेल
(निर्माण संगठन)

प्रेस विज्ञप्ति
मालीगांव : 7 जून, 2019

पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन), मालीगांव में दो दिवसीय ''गूगल वॉयस टाइपिंग'' एवं अनुवाद कार्यशाला का समापन

पूर्वोत्तर सीमा रेल, महाप्रबंधक (निर्माण), मुख्यालय, मालीगांव के सभाकक्ष में 6 एवं 7 जून, 2019 को श्री एस. जे. मंडल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. की अध्यक्षता में दो दिवसीय गूगल वॉयस टाइपिंग एवं अनुवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनांक 06.06.2019 को इस कार्यशाला में श्री एस. जे. मंडल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. ने स्वयं पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंप्यूटर पर हिंदी में गूगल वॉयस टाइपिंग के बारे में विस्तार से बताया। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. ने टाइपिंग के दौरान आने वाली कठिनाईयों से अवगत कराते हुए इसको दूर करने के उपाय भी बताए। सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से गूगल वॉयस टाइपिंग की प्रक्रिया के माध्यम से हिंदी में टंकण कार्य किया और उन्होंने इस तरह के आयोजन की सराहना की। इस कार्यशाला के दूसरे दिन अर्थात दिनांक 07.06.19 को दयाल सुरीन, आशुलिपिक ग्रेड-I/नि. ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को गूगल वॉयस टाइपिंग के अलावा गूगल पर हिंदी अनुवाद का भी प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर राजेश रंजन कुमार, राजभाषा अधिकारी/नि. ने सभी कर्मचारियों को सुझाव देते हुए कहा कि गूगल वॉयस टाइपिंग के माध्यम से मूल पत्राचार, धारा 3 (3) के कागजातों का द्विभाषीकरण, छुट्टी के आवेदन, फाइलों के कवर पृष्ठ आदि के द्विभाषीकरण का कार्य हिंदी में आसानी से किया जा सकता है।

इस मौके पर अरूण महेला, यातायात निरीक्षक/नि/परिचालन, बनजीत तालुकदार, यातायात निरीक्षक/नि/परिचालन, परेश मालाकार, यातायात निरीक्षक/नि/परिचालन, स्वपन कुमार, मुख्य विधि सहायक/नि/विधि, गोविंद, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/योजना-2, हरीश भुईंया, कनिष्ठ इंजीनियर/नि/सर्वे, बी. कामालक्ष्मी, लेखा सहायक/नि/लेखा, जयश्री हीरा, कार्यालय अधीक्षक/नि/कार्मिक, सीमा दास, कार्यालय अधीक्षक/नि/कार्मिक, पल्लवी बोरो, आशुलिपिक/नि/सर्वे, बिनय ठाकुरिया, वरिष्ठ लिपिक/नि/सामान्य, नवज्योति कलिता, ट्रैकमेन/नि/सामान्य-1, काकली बरूवा, ट्रैकमेन/नि/लेखा, गणेश कुमार नाथ, कंस्टेबल/आरपीएफ, विप्लव सरकार, कंस्टेबल/आरपीएफ, रत्ना देव, ट्रैकमेन/नि/योजना सहित राजभाषा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

(एस. के. ओझा)
वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी/निर्माण
पूर्वोत्तर सीमा रेल, मालीगांव, गुवाहाटी-

11

फोटो कैप्शन: *गूगल वॉयस टाइपिंग कार्यशाला लेते हुए एस. जे. मंडल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/ नि.*